हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

06 लापता राजू अहिरवार का शव नर्मदा नदी में मिला...


07 ऐतिहासिक पथ-संचलन में भारत माता के जयकारों ...




**खबर संक्षेप**

### दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाए गए दीपक




**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में वसुंधरा विशेष विद्यालय द्वारा लगाए गए स्टॉल से दिव्यांग बच्चों द्वारा सुसज्जित किए गए मिट्टी के दीपक खरीदे। इन बच्चों ने दियों को विविध रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता को रंग-बिरंगी आकर्षक आकृति के रूप में व्यक्त किया है। सभी अधिकारियों द्वारा बच्चों से दीपक खरीदे गए। सभी दिव्यांग बच्चे कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों को अपने बीच पाकर बेहद प्रसन्न नजर आए। कलेक्टर ने सभी बच्चों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनकी इस कलाकृति की सराहना की। बच्चों ने कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने बताया कि संस्था के विद्यार्थियों को विशेष शिक्षण के साथ-साथ योग, ध्यान, थेरेपी, ऑक्युपेशनल थेरेपी, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां भी कराई जाती है।

### अमलाह से सीहोर मुख्यालय पहुंची किसानों की ट्रैक्टर यात्रा, कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन

# सोयाबीन की 80 प्रतिशत फसल बर्बाद ! मुआवजे की मांग को लेकर किसानों के साथ सड़क पर उतरी करणी सेना

किसानों ने बताया कि जिले में सोयाबीन की लगभग 80 प्रतिशत फसल नष्ट हो चुकी है, जिससे किसान भारी आर्थिक संकट में हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सोयाबीन की फसल बर्बादी के मुआवजे की मांग को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट में करणी सेना प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर ने देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तीखा हमला बोला। अमलाहा से किसान अधिकार ट्रैक्टर यात्रा लेकर पहुंचे किसानों का नेतृत्व करते हुए शेरपुर ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान किसानों की लड़ाई लड़ते-लड़ते देश के कृषि मंत्री बन गए और मुख्यमंत्री भी रहे, पर किसानों का भला अब तक नहीं हुआ।

जिले से आने वाले शिवराज सिंह चौहान को संबोधित करते हुए जीवन सिंह शेरपुर ने कहा किसान पुत्र कहने वाले से हमारा यही निवेदन है कि आपने खेती कर रखी है तो आपको पता होगा कि 11 हजार रुपये प्रति बीघा का हमारा नुकसान हो रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार जल्द से जल्द किसानों को मुआवजा दे।

**80 फीसदी फसल खराब :** किसानों ने बताया कि जिले में सोयाबीन की लगभग 80 प्रतिशत फसल नष्ट हो चुकी है, जिससे किसान भारी आर्थिक संकट में हैं। किसानों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के अन्य जिलों में मुआवजा वितरित किया जा चुका है, लेकिन सीहोर जिले को जानबूझकर बाहर रखा गया है।

#### शेरपुर की चेतावनी

जीवन सिंह शेरपुर ने सरकार को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा हम सरकार से वादा करते हैं, आज हम मुसीबत में हैं। यदि सरकार हमारे साथ खड़ी होती है तो हम वादा करते हैं कि हम भी आपके साथ खड़े होंगे।

यदि आप हमारे साथ खड़े नहीं हुए तो हम भी आपका विरोध करेंगे। किसानों ने तत्काल जिले में मुआवजा वितरण शुरू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

#### किसानों ने निकाली ट्रैक्टर रैली



सीहोर जिले को आरबीसी 6-4 के तहत राहत राशि व बीमा वंचित किये जाने पर सीहोर जिले के किसानों द्वारा किसान सोहन शंकर लाल पटेल व करणी सेना अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुरा के नेतृत्व में दर्जनों गांव के किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा द्वारा ग्राम अमलाहा से विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली गई जो कि सीहोर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची, जहाँ पर अनुविभागीय अधिकारी को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि किसानों की विगत 5 वर्षो से खराब हुई सोयाबीन की फसल की बीमा राशि दी जावे। किसानों को समय पर खाद व बीज की उपलब्धता कराई जावे। जिन किसानों की फसल दवाईयों से खराब हुई है दवा कम्पनियों से किसानों के नुकसान की भरपाई कराई जावे। क्योंकि सीहोर जिले को आरबीसी 6-4 के तहत राहत राशि व बीमा वंचित रखा गया है। जबकि प्रदेश के जिला शाजापुर, भोपाल, उज्जैन, देवास, विदिशा, रायसेन आदि जिलों के किसानों को राहत राशि मिल रही है। जबकि सीहोर जिला केंद्रीय कृषि मंत्री का गृह जिला होने के बावजूद भी सीहोर जिले को राहत राशि से वंचित कर दिया गया है। जिसको लेकर किसान लोग धरना प्रदर्शन आंदोलन करते चले आ रहे हैं और ज्ञापन देते चले आ रहे हैं कि खराब हो रही सोयाबीन की फसल की सर्वे की जाए, राहत राशि दी जाए, बीमा राशि दी जाए। लेकिन किसानों की जिला प्रशासन द्वारा कोई भी सुनवाई नहीं की जा रही है। मजबूर सीहोर जिले अनेक गांव से किसान लोग अपने-अपने ट्रैक्टर लेकर किसान रैली निकालकर कलेक्ट्रेट कार्यलय सीहोर पहुंचे और मुख्यमंत्री व केन्द्रीय कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। किसान अपनी मांगों को लेकर लगभग 20 से लेकर 30 किलोमीटर दूर तक से ट्रैक्टर रैली लेकर आये। सभी के हाथों में झण्डे व तख्तियाँ नजर आ रही थी और किसान अपनी मांगों को लेकर गगन भेदी नारे लगा रहे थे। इस मौके पर किसान सोहन शंकर लाल पटेल, करणी सेना अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुरा, किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा, मोनू वर्मा, अरुण, रोहित वर्मा, शुभम, विनोद वर्मा, नवीन पटेल, गब्बर, स्वराज वर्मा, अंकित वर्मा, अभिषेक वर्मा सहित दर्जनों गाँव के किसान उक्त ट्रैक्टर रैली में शामिल रहे।

## भावांतर योजना के तहत पंजीयन केंद्रों का निरीक्षण नहीं करने वाले अधिकारियों को कलेक्टर ने लगाई जमकर फटकार



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराएं।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने भावांतर योजना के तहत किसान पंजीयन एवं पंजीयन केंद्रों की व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कई नोडल अधिकारियों द्वारा पंजीयन केन्द्रों का निरीक्षण नहीं करने पर जमकर फटकार लगते हुए कहा कि भावांतर योजना किसानों के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना है। भावान्तर योजना के संचालन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिये वरिष्ठ कार्यालय को लिखा जायेगा। उल्लेखनीय है कि भावांतर योजना के सफल संचालन के लिये कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा भावांतर योजना की व्यवस्थाओं के लिये अनेक विभागों के जिला अधिकारियों को नोडल अधिकारियों बनाया गया है। भावांतर योजना के तहत अभी तक 26 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन करा लिया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**पराली जलाने पर लगाएं रोक, किसानों को करें जागरूक :** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे किसानों को पराली जलाने के नुकसान के बारे बताएं और जागरूक करें। उन्होंने कहा कि किसानों को बताया जाये कि पराली जलाने से पर्यावरण में प्रदूषण होता है और भूमि की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है। मिट्टी में उपलब्ध लाभदायक जीवाणु, फंगस, मित्र कीट, कार्बनिक पदार्थ जलकर नष्ट हो जाते है। जिससे जमीन कठोर एवं मृत हो रही है तथा मिट्टी का तापमान बढ़ रहा है। पराली जलाने से कोई लाभ नही है। बल्कि इसके कई हानिकारक प्रभाव है। जिससे जमीन में आवश्यक पोषक तत्वों की निरंतर कमी हो रही है एवं मिट्टी में कार्बन तत्व निरंतर कम हो रहा है।

जिससे असंतुलन की स्थिति निर्मित हो रही है। धान की कटाई के बाद सुपर सीडर से सीधी बिना पलेवा, बिना जुताई किये हुये धान में उपलब्ध नमी का उपयोग करते हुए गेहूं एवं अन्य फसलों की बुवाई की जा सकती है। जिससे कृषकों का जुताई में लगने वाला डीजल एवं पलेवा में लगने वाले पैसे की बचत होगी। उन्होंने पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पराली जलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये।

**पानी अधिक से अधिक रोकें :** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि वर्षा ऋतु लगभग समाप्ति पर है। अभी नदियों एवं छोटे नालों में व्यर्थ बह रहे पानी को रोका जाये। इसके लिये जगह-जगह नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बोरी बांध के माध्यम से पानी को रोक कर उस क्षेत्र का जलग्रहण और भूजल स्तर बढ़ाया जा सकता हैं। इससे कुछ समय तक किसानों को फसलों की सिंचाई के लिये, मवेशियों को पीने के लिए और इसके साथ ही अन्य जरूरतों के उपयोग के लिया पानी बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को भी जागरूक करें कि वे अपने खेतों में ढलान वाली जमीन पर पानी का संचय करें। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये वे किसानों को स्प्रिंकलर सिंचाई के लिये प्रेरित करें। स्प्रिंकलर सिंचाई से पानी की बचत की जा सकती है।

### माटी के दीपकों व उत्पादों की बिक्री को किया जाए प्रोत्साहित : कलेक्टर



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में परम्परागत माटी शिल्पियों के माटी के उत्पादों जैसे - दीपक, खिलोने, सजावटी सामान आदि को बढावा देने के लिए स्थानीय निकायों एवं गामीण क्षेत्र में लगने वाले हाट बाजारों में इनकी बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए इन्हें उचित स्थान उपलब्ध कराया जाये। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि इन शिल्पियों से किसी प्रकार की कर वसूली ना की जाए, ताकि मट्टी के दीपकों के उपयोग को प्रोत्साहन मिले और इन शिल्पियों के माटी के उत्पादों की बिक्री को भी बढ़ावा मिल सके।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत कुम्हार समुदाय के परंपरागत शिल्पियों द्वारा मिट्टी के दीपक एवं अन्य उत्पाद बनाये जाते है तथा इन्हें विभिन्न त्योहारों के अवसरों पर बाजारों में बेचने के लिए लाया जाता है। यह इनके जीवन यापन का मुख्य आधार है।

## मौसम ने बदली करवट, मानसून की विदाई अब रातें होंगी सर्द, गुलाबी ठंड की दस्तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मानसून सीजन की समाप्ति के साथ ही अब मौसम ने करवट ले ली है। भले ही यह खबर 'टूटी उम्मीदें' लेकर आई हो, क्योंकि इस साल औसत से करीब 60 एमएम कम बारिश दर्ज हुई है, लेकिन सीहोर सहित पश्चिमी मध्यप्रदेश के 40 से अधिक जिलों से मानसून की आधिकारिक वापसी हो चुकी है। इस असर अब बदले हुए मौसम पर दिखने लगा है और इसी के साथ गुलाबी सर्दी ने जिले में दस्तक देना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड में हुई बर्फबारी के चलते उत्तरी ठंडी हवाओं का रुख इस संभाग की तरफ हो गया है। यही कारण है कि अब दिन की गर्मी कम होगी और रातें ठंडी होने लगेंगी। यानि अब जिलेवासियों को जल्द ही गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस हो सकती है।

**बुदनी और भैरुंदा में राहत, बाकी जगह मायूसी :** जहां एक ओर औसत बारिश 1148.4 (एमएम) से कम आंकड़े ने किसानों को चिंतित किया है। इस वर्ष 1088.7 एमएम दर्ज, वहीं कुछ क्षेत्रों में अच्छी बारिश भी हुई है। बुदनी में 1590.2 एमएम और भैरुंदा में 1238.0 एमएम बारिश हुई है, जो इन क्षेत्रों के औसत से अधिक है। हालांकि सीहोर तहसील में 929.2 एमएम और आष्टा में 901.0 एमएम बारिश दर्ज होने से मायूसी छाई है। पिछले साल 1133.7 एमएम की तुलना में भी इस बार कम बारिश हुई है।

अब मानसून की विदाई के साथ जिलेवासियों के लिए मौसम का मिजाज बदल चुका है, शाम ढलते ही गुलाबी सर्दी अपना अहसास कराने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार दीपावली पर्व तक सर्दी का असर और तेज होने लगेगा।

### दो-दो तारीखों की गफलत से फीका पड़ सकता है उत्सव

# 40 साल के बाद पहली बार इस दीपोत्सव लाला रामस्वरूप कैलेंडर से अलग है तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दीपों का पर्व दीपावली इस वर्ष एक बड़े असमंजस के साथ दस्तक दे रहा है। लगभग 40 वर्षों में यह पहली बार हो रहा है, जब मशहूर लाला रामस्वरूप कैलेंडर में दी गई तिथि के अनुसार दीपोत्सव नहीं मनाया जाएगा। विप्रजनों और ज्योतिषियों द्वारा दी गई नई तिथियों ने आम श्रद्धालुओं के बीच गफलत की स्थिति पैदा कर दी है, जिससे त्यौहार का उत्साह फीका पड़ रहा है।

लाला रामस्वरूप कैलेंडर जिस पर देश का एक बड़ा वर्ग आंख बंद करके भरोसा करता आया है, उसमें दीपावली की तिथि 21 अक्टूबर दी गई है।

वहीं विप्रजन, ज्योतिषाचार्य दीपावली की तिथि 20 अक्टूबर बता रहे हैं। सीहोर के बालाजी ज्योतिष अनुसंधान एवं परामर्श केंद्र के स्वर्ण पदक प्राप्त ज्योतिषाचार्य पंडित सौरभ गणेश शर्मा सहित विप्रजनों ने स्पष्ट किया है कि दिवाली का शुभ दिन 20 अक्टूबर सोमवार को है।

#### लाला रामस्वरूप कैलेंडर की तिथियां

दीपावलीः 21 अक्टूबर
गोवर्धन पूजाः 22 अक्टूबर
भाई दूजः 23 अक्टूबर

#### आमजनों ने दी प्रतिक्रिया

आम लोगों की प्रतिक्रिया भी सामने आ रही है। देवेन्द्र कुशवाह ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा मेरी उम्र 45 साल हो गई है। आज तक लाला रामस्वरूप कैलेंडर में जिस दिन दीपावली की तारीख लिखी होती थी, उसी दिन हम मनाते आए हैं। यह पहली बार है कि कैलेंडर के हिसाब से दीपावली नहीं मनाई जाएगी, यह वाकई आश्चर्यजनक है।

#### पहले शरद पूर्णिमा में हुई गफलत

लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब तिथियों में इतनी भिन्नता आई है। चेतन वर्मा ने सवाल उठाया कि सनातनी त्योहारों में ही यह गफलत क्यों हो रही है. हाल ही में शरद पूर्णिमा में भी ऐसी ही स्थिति बनी थी। विप्रजनों ने 6 तारीख को पूर्णिमा बताई थी, जबकि पूर्णिमा का जो चमकदार चांद था, वह 7 अक्टूबर को आसमान में चमका था। राजेन्द्र सेन ने बताया कि बीते 10-15 सालों से लगभग हर त्यौहारों की दो-दो तिथियां निकल रही हैं, जिससे त्यौहारों का उत्साह पूरी तरह से फीका पड़ रहा है। इधर 40 साल की परंपरा से हटकर मनाई जा रही इस दीपावली में आम श्रद्धालु अब भी असमंजस में हैं कि वे वर्षों से मान्य कैलेंडर की सुनें या विप्रजनों की।

#### ज्योतिषाचार्य पं. सौरभ शर्मा ने बताई तिथि

- धनतेरस 18 अक्टूबर, जबकि 19 अक्टूबर को छोटी दिवाली।
- 20 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन दिवाली (दोपहर 3.44 बजे से शुरू होकर 21 को शाम 5.54 बजे समाप्त होगी। चूंकि लक्ष्मी पूजन सूर्यास्त के बाद अमावस्या में होता है) इसलिए दिवाली 20 अक्टूबर को मनेगी। शुभ मुहूर्त शाम 7.08 मिनट से रात 8.18 मिनट तक।
- गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर को प्रतिपदा तिथि 21 की शाम 5.54 से शुरू होकर 22 की रात 8.16 तक रहेगी।
- भाई दूज 23 अक्टूबर को द्वितीया तिथि 22 की रात 8.16 से शुरू होकर 23 की रात 10.46 तक समाप्त होगी।

## विधायक ने की सांसद खेल महोत्सव की गतिविधियों की समीक्षा



**सीहोर।** विधायक सुदेश राय की अध्यक्षता में सीहोर तहसील कार्यालय के सभाकक्ष में सांसद खेल महोत्सव-2025 के के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सांसद खेल महोत्सव के तहत 25 दिसंबर तक ग्राम, मंडल तथा जिला स्तर पर आयोजित की जा रही खेल प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को महोत्सव के कैलेंडर के अनुसार सभी खेल गतिविधियां आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में खेल गतिविधियों में शामिल किया जाए।

विधायक श्री राय ने कहा कि भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट (खेलो इंडिया) तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश. द्वारा सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य युवा, दिव्यांग, वृद्धजनों सहित सभी प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित एवं प्रेरित करना, ग्रामीण तथा शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करना और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देना है। सांसद खेल महोत्सव के तहत पंचायत स्तर पर क्रिकेट, बॉलीबाल, खो-खो, कबड्डी एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी प्रकार मंडल एवं जिला स्तर पर क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। बैठक में एसडीएम तन्मय वर्मा ने अनुभाग के सभी संबंधित अधिकारियों को सांसद खेल महोत्सव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार डॉ अमित सिंह, सुदीप प्रजापति सहित अन्य अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने बैठक आयोजित कर की मातृ मृत्यु दर की समीक्षा

**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया द्वारा बुधनी एवं श्यामपुर विकासखंड के सीबीएमओ एवं स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातृ मृत्यु दर की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य अमले को प्रसव पूर्व एवं प्रसव उपरांत देखभाल की निगरानी के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान कर समय पर उचित उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लाइसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### परिजनों ने की निष्पक्ष जांच की मांग, सोमलवाड़ा के लिए निकला था राजू

# लापता राजू अहिरवार का शव नर्मदा नदी में मिला, हत्या की आशंका

**शव की पहचान के बाद बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता सिविल अस्पताल पहुंचे और उन्होंने राजू की संदिग्ध हालात में हुई मौत पर आक्रोश जताया**





हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

ग्राम सोमलवाड़ा खुर्द निवासी 52 वर्षीय राजू अहिरवार का शव बांद्राभान में नर्मदा नदी से बरामद हुआ है। परिजनों ने उनकी हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

जानकारी के अनुसार राजू अहिरवार गत सप्ताह रविवार को अपनी मोटरसाइकिल से शाहगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोबी स्थित अपने साले के घर गए थे। मंगलवार शाम करीब 6 बजे वे वापस सोमलवाड़ा खुर्द के लिए रवाना हुए, लेकिन घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की और बुधवार को उन्हें सूचना मिली कि राजू की मोटरसाइकिल नर्मदापुरम देहात थाने में खड़ी है।

जब परिजन थाने पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि यह मोटरसाइकिल निमसाड़िया निवासी भूरा धोबी से जप्त की गई थी, जिसे बाद में छोड़ दिया गया। परिजनों ने इस पर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। वहीं 9 अक्टूबर को शाहगंज थाने में राजू की गुमशुदगी भी दर्ज की गई। इस बीच 12 अक्टूबर को बुधनी पुलिस को बांद्राभान के पास नर्मदा नदी में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली। शव को कब्जे में लेकर बुधनी सिविल अस्पताल लाया गया, जहां परिजनों ने उसकी पहचान राजू अहिरवार के रूप में की।

शव की पहचान के बाद बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता सिविल अस्पताल पहुंचे और उन्होंने राजू की संदिग्ध हालात में हुई मौत पर आक्रोश जताया। सभी ने मिलकर बुधनी थाने पहुंचकर एसडीओपी रवि शर्मा से मुलाकात की और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि बांद्राभान में बरामद शव को शाहगंज थाने में दर्ज गुमशुदगी से संबंधित मानकर परिजनों को पहचान के लिए बुलाया गया था। परिजनों ने शव की पुष्टि राजू अहिरवार के रूप में की है। परिजनों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर घटना की सूक्ष्म और निष्पक्ष जांच की मांग की है, जिस पर पुलिस गंभीरता से कार्य कर रही है।

# चोरी की लकड़ी पकड़ने पहुंचे वन कर्मियों पर लकड़ी माफियाओं ने किया हमला

**हमले में दो वनकर्मी घायल, सिविल अस्पताल में उपचार जारी, पुलिस ने मारपीट करने वाले पर किया मामला दर्ज**



**भैरुंदा।** रविवार की रात जूनापानी रोड पर उस समय हड़कंप मच गया जब लकड़ी चोरी की सूचना पर पहुंचे वन विभाग के वन कर्मियों पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि यह घटना रात करीब 10 बजे की है।

जानकारी के अनुसार, लाडकुई रेंज के बिट गार्ड काशीराम अहिरवार एवं सुरक्षाकर्मी बलराम जाट और किशन नवल सिंह बारेला लकड़ी चोरी की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थे। तभी वहां मौजूद 8 से 10 लोगों ने वन कर्मियों पर हमला कर दिया। हमले में बिट गार्ड काशीराम अहिरवार के कमर और कंधे पर चोट आई है, वहीं सुरक्षाकर्मी बलराम जाट को सिर और पसलियों में गंभीर चोटें आई हैं। बताया गया कि किशन नवल सिंह बारेला के परिजन उन्हें पहले गोपालपुर थाने ले गए। जहाँ से डायल 112 की मदद से घायल वनकर्मियों को भैरुंदा के सिविल हॉस्पिटल भेजा गया। अभी फिलहाल दोनो वन कर्मियों का इलाज़ चल रहा है।

इधर गोपालपुर पुलिस ने वन कर्मियों से मारपीट करने वाले लोगों पर प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। वन कर्मियों ने बताया कैसे उनके साथ घटना घटित हुई: वनकर्मी बलराम घायल ने बताया कि लकड़ी चोरों की सूचना मिलने पर साहब के साथ लकड़ी पकड़ने जूनापानी के जंगल में गए थे। चार गाड़ी से करीब 8 से 10 लोग लकड़ी लेकर जा रहे थे। उसमें से एक खजुरपानी का है जिसका नाम गजा है। लकड़ी पकड़ने के दौरान आमने सामने हुआ, तो उन्होंने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गए और उन्हें सिर व पीठ में चोटे आई है। नवल सिंह जुलापानी ने बताया कि लकड़ी पकड़ने जूनापानी रोड पर इंतज़ार कर रहे थे। तभी तीन से चार गाडी आई जिसमें 8 से 9 लोग लकड़ी के साथ थे उन्हें रोकने की कोशिश की गई। इस दौरान उन्होंने लोहे की रॉड और डंडों हमला कर दिया। जिसमें दो वनकर्मी बिट गार्ड काशीराम अहिरवार, सुरक्षाकर्मी बलराम जाट घायल हो गए उन्हें चोटे आई है। मारपीट करने के बाद उन्होंने लकड़ियां भी अपने साथ ले गए।

काशीराम अहिरवार ने बताया कि रविवार रात को मुखबिर की सूचना मिली थी। जूनापानी से खजुरपानी के बीच चोरों द्वारा लकड़ियां लेकर जा ररहे है। सूचना पर तीन लोग मौके पर पहुंचे थे। तीन से चार पर 8 से 10 लोग गाडी आते दिखाई दी। उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। उसने से कुछ लोगों से लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। जिसमें से दो लोग घायल हुए हैं। मारपीट करने वाले में चार लोगों को पहचानते हैं। दलसिंह और उसके तीन लड़के शामिल थे। अन्य को नहीं जानते थे।

# संघ शताब्दी वर्षः सेवा भारती संस्कार केंद्रों के बच्चों ने बनाई रंगोली, सजाए दीपक





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

रविवार को नगर के गायत्री मन्दिर में संघ शताब्दी वर्ष में सेवा भारती के चारों संस्कार केंद्रों के बच्चों द्वारा रंगोली एवं दीप सजाओ प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीप सजाओ, रंगोली बनाओ प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा भारतमाता की फ़ोटो प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

सेवा भारती द्वारा संचालित चारों संस्कार केंद्रों में बाल्मीकि बाल संस्कार केंद्र के अंतर्गत चारों संस्कार केंद्रों के बच्चों ने दीप सजाओ, रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में भाग लिया और आपकी कलाकृति का प्रदर्शन करते हुए। रंग बिरंगे रंगों और फूलों से दीपक सजाएं तो वहीं अलग अलग रंगों से रंगोली बनाई। इससे पहले सभी बच्चों ने अपने घरों से दीपक और आरती की थालियां सजाकर पहुंचे जहां प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया गया।।इस कार्यक्रम में सभी बच्चों के द्वारा दीपक सजाए और रंगोली बनाई गई। इस दौरान उपस्थित अतिथियो ने बच्चों द्वारा बनाई गई, रंगोली एवं सजाएं दीपक देखे, इस दौरान अतिथियों को जज करने में भी काफी समय लगा किसे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय दे सभी बच्चों ने अपनी मेहनत और कलाकृति से रंगोली बनाई और दीप सजाएं गए। फिर भी निर्णय तो करना था। इस अवसर दिया सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रिद्धिमा परते, द्वितीय पुरस्कार डोली प्रजापति, तृतीय पुरस्कार सचिन बड़ोले रहीं। रंगोली सजाओ प्रतियोगिता में ग्रुप ए में प्रथम पुरस्कार हनिका परते ,द्वितीय पुरस्कार श्रद्धा बांकरिया, तृतीय पुरस्कार पायल जानी। ग्रुप बी प्रथम पुरस्कार परी बैरागी ,द्वितीय दक्ष बैरागी व तृतीय पुरस्कार मानवी शर्मा ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल पारस वर्मा जिला सेवा प्रमुख , विजेंद्र शर्मा नगर अध्यक्ष सेवा भारती, राधिका जैमिनी, नगर उपाध्यक्ष संतोष खंडेलवाल कोषाध्यक्ष ,रानी वर्मा सह कोषअध्यक्ष सेवा भारती, कैलाश धावरे वार्ड नंबर 1, पार्षद बसंत अग्रवाल समाज सेवक, शीतल अग्रवाल ,सरिता वर्मा, ललिता बैरागी, रानी बैरागी और चारों संस्कार केंद्र की शिक्षिकाएं पूजा बैरागी, ऋषिका श्रोतिय, बबली शर्मा, पायल खरे मौजूद थीं।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में दो दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर में दो दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ सोमवार को महाविद्यालय के कुँवर चैनसिंह सभागार में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ एस पी एस चौहान द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा नंदिनी विश्वकर्मा ने सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को मधुर बना दिया। तत्पश्चात अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. एस.सी. गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन दिया। अपने संबोधन में उन्होंने युवा उत्सव के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इसके उपरांत डॉ. गुप्ता ने उत्सव की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं की जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य डॉ. चौहान ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निष्ठा और समर्पण के साथ इस तरह के कार्यक्रमों में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन जैसी प्रस्तुतियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही रंगोली, क्ले मॉडलिंग, पोस्टर मेकिंग, ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग एवं कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### सीपीआर जागरुकता सप्ताह के तहत दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीपीआर सप्ताह के तहत जिला चिकित्सालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सभी सभी विशेषज्ञों, चिकित्सा अधिकारियों, सहायक प्रबंधक एवं नर्सिंग स्टॉफ को सीपीआर शपथ दिलाई गई। इस दौरान रीना पाटीदार सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्टॉफ उपस्थित था।



# सेवादारों ने जीवन उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया



**सीहोर।** करोड़ों शिष्यों के हृदय सम्राट संत आसाराम बापू जेल में रहे रेल में रहे या फिर बेल पर रहे उनके लाखों सेवादार हर हाल में मानव सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।

इसी तरह की दरिद्र नारायण सेवाकार्य की श्रेणी में संत आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से दीपावली के पावन अवसर पर पूरे देश के साथ में योग वेदांत समिति संत आसाराम बापू आश्रम सीहोर द्वारा बढ़िया खेड़ी इंडस्ट्रियल एरिया के पास गरीब बस्ती में पहुंचकर सेवादारों के द्वारा दरिद्र नारायणों में आवश्यक खाने पीने की सामग्री और जीवन उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया। गरीब बस्ती में रहने वाली महिलाओं और पुरुषों बच्चों को बापू के शिष्यों ने आटा, दाल, चावल, नमक, बर्तन, कंबल, मिठाई, तेल व नगद राशि, सामग्री वितरण के दौरान वार्षिक कैलेंडर, ऋषि प्रसाद पुस्तक और ज्ञानवर्धक साहित्य का वितरण भी किया गया। योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष के के विश्वकर्मा और वरिष्ठ संरक्षक सुदर्शन राय के द्वारा बापूजी की प्रेरणा से सभी निर्धन गरीब लोगों को शराब गांजा जुआ सट्टा गुटका पान मसाला बीड़ी सिगरेट का सेवन नहीं करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री योग विधान सेवा समिति के सदस्यों के द्वारा नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसानों की भी जानकारी बस्ती के महिला पुरुष बच्चों को दी गई।

समिति संरक्षक सुदर्शन राय ने बताया कि बापूजीकी प्रेरणा से हम सभी दीपावली पर्व को लेकर गरीब असहाय लोगों के घर पहुंच कर दीप जला रहे है जिस की वह भी दीपावली का त्यौहार खुशियों के साथ बना सके। समिति अध्यक्ष के के विश्वकर्मा ने बताया कि हमारे पर्वों का असली उद्देश्य समाज के पिछड़े वर्गों में भी खुशियां बांटना है, इसलिए बापूजी के शिष्य साल भर कहीं न कहीं ऐसे आयोजन करते रहते हैं आगामी समय में भी निरंतर सेवाकार्य इसी प्रकार चलते रहेंगे।

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने 30 लाख की सौगात दी, क्षेत्रवासियों से कराया भूमिपूजन



**सीहोर।** नगर पालिका विकास के कीर्तिमान को रचते हुए शहर में अनेक विकास कार्य करने हेतु तत्पर हैं, विकास के साथ क्षेत्र का सौंदर्यकरण भी हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए शहरवासी हमारे साथ है। उक्त विचार शहर के वार्ड क्रमांक 20 में 30 लाख की सौगात देने पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे।

सोमवार को शहर के वार्ड क्रमांक 20 के अंतर्गत 30 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष राठौर की अध्यक्षता में भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर वार्ड की पार्षद सपना मालवीय ने बताया कि क्षेत्र में तीस लाख के विकास कार्य का भूमि पूजन किया गया है। जिसमें शौचालय, पेवर ब्लाक, प्रवेश द्वार और सीसी निर्माण कार्य शामिल है। कार्यक्रम के दौरान अर्जुन राठौर, दीलिप राठौर, कमलेश राठौर के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे। इस दौरान नपाध्यक्ष राठौर ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि शहर को स्वच्छ रखे। स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। इसके लिए सार्वजनिक स्थलों, खाली प्लाटों और इधर-उधर कचरा ना फेंकें। कचरे को हमेशा पालिका द्वारा गाड़ियों या डस्टबिन में ही डालें। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सफाई कार्य कर रहे हैं, लेकिन इसमें नागरिकों का सहयोग बहुत ही जरूरी है। जिस प्रकार हम अपने घर की सफाई का ध्यान रखते हैं, उसी प्रकार अपने आसपास के क्षेत्र की सफाई का भी ध्यान हमें रखना होगा। अगर कोई व्यक्ति इधर-उधर कचरा डालता है, तो उसे ऐसा करने से रोकें क्योंकि स्वच्छता के इस मिशन में सामाजिक भागीदारी एवं दबाव का होना आवश्यक है।

### दि ऑक्सफोर्ड स्कूल में हुआ मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर संयुक्त स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम

# सर्वांगीण विकास में मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य की जागरुकता अत्यंत आवश्यक हैः डॉ. बीना जे. कुरियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संयुक्त स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. संगीता बनविया, डॉ. अमृता सिंह, नर्सिंग ऑफिसर रजनी योगी एवं पूजा जाट द्वारा छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं हीमोग्लोबिन की जाँच की गई। उन्होंने छात्रों को आयरन युक्त संतुलित आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए उपयोगी सुझाव भी दिए। वहीं, स्कूल की काउंसलर बूसी रोबी द्वारा छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने संकेतों और चिह्नों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता को समझाते हुए बताया कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना उतना ही जरूरी है, जितना शारीरिक रूप से। उन्होंने छात्रों से संवाद कर उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और जागरूकता बढ़ाई।

कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए एक विशेष काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गई तथा अभिभावकों के सवालों का समाधान किया गया।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए समय की आवश्यकता बताया और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

### दीपावली पर ऑनलाइन खरीदारी न करके स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं : पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय



**सीहोर।** दीपावली पर ऑनलाइन खरीदारी न करके स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं, जिससे स्थानीय कारीगरों और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इस त्योहारी सीजन में आप पारंपरिक मिट्टी के दीये, सजावटी सामान और अन्य उपहार स्वदेशी वस्तुओं से खरीद सकते हैं, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी पूरा करेंगे। सोमवार को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने क्षेत्रवासियों को दीपावली की बधाई संदेश देते हुए कहाकि दीपावली का पर्व प्रकाश का पर्व है। भारतीय अर्थव्यवस्था में त्योहारों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इन त्योहारों में हर समाज और उनके द्वारा निर्मित्त होने वाली वस्तुओं का महत्व होता है। दीपावली का पर्व इन त्योहारों में महत्वपूर्ण है। दीपोत्सव धनतेरस से शुरू होता है। धनतेरस के बर्तन और सोना-चांदी के गहने व अन्य वस्तुओं खरीदने का महत्व होता है। बर्तन और गहनों की खरीदारी होने के कारण बर्तन का व्यापार करने वाले और स्वर्णकार के रोजगार को मूल आधार मिलता है। इसी तरह कुंभकार मिट्टी के दीये और अन्य सजावट का सामान दीपावली के लिए बनाते है। वर्तमान कालखंड वैश्वकि क्रांति का युग है। इसलिए स्थानीय कारीगरों को विश्वस्तरीय कंपनियों से स्पर्धा करनी पड़ती है। दीये से लेकर साफ-सफाई में उपयोग आने वाला विदेशी कारीगरों द्वारा निर्मित्त सामान अधिक आकर्षक होता है। इसलिए विदेशी वस्तुएं ज्यादा पसंद की जाती हैं। इसलिए उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से स्थानीय दुकानदारों से दीपावली पर खरीदी करने का संदेश दिया है। दीपावली के पर्व पर हमारे परंपरागत रोजगारों को प्रोत्साहित करने का एक मौका है। देसी सामान खरीदने के लिए अनुरोध करने के साथ जागरूक करेंगे, ताकि लोग दीपावली पर चाइनीज झालर व दीये न खरीदकर स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित्त वस्तुओं को खरीदें। त्योहार ही भारतीय अर्थव्यवस्था का मूल आधार होते हैं। मैं स्वयं भी रंग-बिरंगे दीयों की बजाय स्थानीय कुंभकारों द्वारा निर्मित्त दीयों से दीपोत्सव मनाऊगां।

हजारों की संख्या में कदमताल करते हुए निकले स्वयंसेवक, अनेकों स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत

# ऐतिहासिक पथ-संचलन में भारत माता के जयकारों से गूंज उठा राजगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को राजगढ़ नगर में संघ का ऐतिहासिक पथ-संचलन निकाला गया। इस पथ-संचलन में नगर सहित आसपास क्षेत्र के हजारों स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। नगर के विभिन्न स्थानों पर एकत्रित हुए छह टोलियों का समागम स्थानीय नाका नंबर-3 पर हुआ जहां से सभी स्वयंसेवक एकसाथ कदमताल करते हुए बाईपास से होते हुए स्टेडियम परिसर पहुंचे। इस बीच स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक, स्वयंसेवी एवं अन्य संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का अभूतपूर्व स्वागत, अभिनंदन किया गया। पथ-संचलन के स्टेडियम पहुंचने पर राजगढ़ की धरा पर जन्मे आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी का उद्धबोधन हुआ।



## समाज में पंच-परिवर्तन लाने पर दिया जोर



लगभग एक घंटे से अधिक समय तक चले अपने उद्धबोधन में सोनी ने समाज में पंच परिवर्तन की अवधारण पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने आरएसएस की स्थापना के मूल उद्धेश्य एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर भी अपनी बात रखी। पंच-परिवर्तन के तहत उन्होंने कहा कि पहला परिवर्तन परिवार है। वर्तमान में हावी पश्चिमी सभ्यता और संस्कृति से अपने परिवार को बचाते हुए भावी पीढ़ी का निर्माण हमें करना है। इसके साथ ही समाज में समरसता एवं सद्भाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन सिर्फ मानव तक सीमित नहीं है बल्कि पर्यावरण संरक्षण पर भी हमें विशेष रूप से ध्यान रखना होगा। अगर पर्यावरण बचेगा तभी मानव जीवन रह पाएगा। उन्होंने कहा कि पंच-परिवर्तन का चैथा भाव स्वबोध है। हम क्या हैं और देश व समाज के हित हेतु हमें क्या करना है, इन सभी बातों का समावेश अपने जीवन में करना होगा। इसके साथ ही पंच-परिवर्तन का पांचवा भाव नागरिकों के कर्तव्य है।

### समाज में पनपे मूल दोष को हमें खत्म करना होगा

मुख्य वक्ता सोनी ने अपने उद्धबोधन के आरंभ में कहा कि हजारों सालों तक अलग-अलग देशों, जातियों ने आकर देश पर राज किया। सन 1925 में हुई आरएसएस की स्थापना के समय इस बात का भी ध्यान रखा गया कि अंग्रेजी हुकुमत से देश तो आजाद हो जाएगा लेकिन उसके उपरान्त समाज में दासता के मूल दोष को खत्म करने के लिए हमें क्या-क्या करना होगा।

### चाक-चौबंद रही पुलिस प्रशासन की व्यवस्था

पथ-संचलन के अभूतपूर्व एवं वृहद आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा भी व्यापक स्तर पर इतंजाम किए गए थे। अलग-अलग स्थानों पर पुलिस के आलाधिकारी अधीनस्थों को दिशा-निर्देश देते हुए नजर आए। पथ-संचलन के दौरान यातायात व्यवस्था भी सुव्यवस्थित नजर आई।

### व्यापारियों ने स्वेच्छा से बंद रखे अपने प्रतिष्ठान

राजगढ़ नगर में हुए इस वृहद आयोजन के चलते दोपहर 2 बजे उपरान्त नगर के लगभग सभी प्रतिष्ठान, दुकानें पूरी तरह बंद नजर आए। व्यापारियों ने स्वयं संचलन में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# अरनिया कला में विधायक ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल



अरनिया कला में सोमवार को विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी ने 12 करोड़ 94 लाख की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। विकास कार्यों में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूर्ण करते हुए अरनिया कला से शिवपुरी, अकलपुर बिन्नी तथा पंचदेहरिया से खाटसूर मार्ग का भूमिपूजन किया।

इसके आलावा ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन, श्मशानों का सौंदर्यीकरण और विभिन्न सीसी मार्ग का भूमिपूजन सहित कनकपुर धाम, नारु शंकर मंदिर, हनुमान व देव नारायण मंदिर का सौंदर्यीकरण, खेजडीया रोड नाली निर्माण, गौ शाला में सीसी निर्माण, कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम एक निजी स्कूल मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। तथा विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी, भाजपा जीला उपाध्यक्ष भंवर सिंह पंवार, भाजपा नेता मूल सिंह कक्कू, देवी प्रसाद सोनानिया (ठेकेदार) जुगल किशोर तीवारी, तीलक दास महंत,जनपद सदस्य सुरेन्द्र उपलावदिया मण्डल अध्यक्ष लीला धर गौड़, धनसिह जाट आदि मचांसीन थे।

इस अवसर पर विधायक चन्द्रवंशी ने कहा कि हम हम कहने में नहीं करने में विश्वास रखते हैं ये सड़कें क्षेत्र के विकास में नई दिशा तय करेगी और आम जन के आवागमन को सुगम बनाएगी। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि कमल चन्द्रवंशी ने विधायक को एक माग पत्र सौंपते हुए अरनिया कला में कालेज की स्थापना, तहसील का दर्जा,नगर परिषद बनाने, कचरा वाहन उपलब्ध करवाने, तथा किसानों के खेतों तक पहुंचने के लिए मार्ग निर्माण की मांग की।

# ब्यावरा का खिलाड़ी बिखेर रहा जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



इंडियन मास्टर्स और न्यूजीलेंड के बीच 3 मैच की सीरीज भोपाल में इंडियन मास्टर्स एवं न्यूजीलेंड मास्टर्स की क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की सीरीज भोपाल मे प्रारम्भ हुई। रविवार को सम्पन्न सीरीज के पहले मुकाबले मे इंडियन मास्टर्स ने शानदार खेल दिखाते हुए न्यूजीलेंड को 4 विकेट से पराजित किया। उल्लेखनीय है की इंडियन मास्टर्स की टीम मे ब्यावरा के मूल निवासी प्रतिभावान खिलाडी राहिल परवेज बतौर विकेट कीपर बैट्समेन भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। राहिल परवेज के चयन ने जिले का गौरव बढ़ाया है।

नवदंपती मिलन कार्यक्रम आयोजित

# युवा दंपत्तियों के साथ-साथ संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के अंतर्गत रविवार को नगर में नवदंपत्ति मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा दंपत्तियों के साथ-साथ संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह और संघ के अखिल भारतीय अधिकारी सुरेश सोनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

### संयुक्त परिवार व्यवस्था को बताया भारत की पहचान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोनी ने कहा कि संयुक्त परिवार की परंपरा भारतीय समाज की पहचान रही है। उन्होंने कहा, एकल परिवार की व्यवस्था हमारे देश की परंपरा नहीं है, बल्कि यह विदेशी चलन है। हमारी संस्कृति में परिवार केवल माता-पिता और बच्चों तक सीमित नहीं, बल्कि दादा-दादी, चाचा-चाची, भाई-बहन, सभी का स्नेह और साथ होता था। उन्होंने बताया कि संयुक्त परिवार में रहकर बच्चे न केवल संस्कार सीखते हैं, बल्कि अपने बड़ों के अनुभवों से जीवन जीने की कला भी समझते हैं। समय के साथ एकल परिवार का चलन बढ़ने से आपसी संवाद और पारिवारिक एकजुटता में कमी आई है, जो समाज के लिए चिंता का विषय है।

## युवा पीढ़ी को दिया संदेश

सोनी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आधुनिकता को अपनाएं, लेकिन अपनी संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को न भूलें। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार न केवल सामाजिक सुरक्षा देता है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक मजबूती का भी आधार होता है। परिवार ही वह पहला विद्यालय है जहां बच्चा जीवन के संस्कार सीखता है।इस मौके पर संघ के विभाग संघचालक उदयसिंह चैहान, नगर संघचालक राधेश्याम शर्मा मंचासीन रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्धेश्य नवदंपत्तियों में पारिवारिक एकता, भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। संघ द्वारा देशभर में इस प्रकार की कुटुंब प्रबोधन गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, ताकि समाज में पारिवारिक व्यवस्था मजबूत बनी रहे और आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से जुड़ी रहें।

### संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव पर बल

सोनी ने कहा कि यदि परिस्थितियों के कारण परिवार एक साथ नहीं रह पा रहे हैं, तो भी सप्ताह में कम से कम एक दिन सभी को एकत्र होकर भोजन करने की परंपरा शुरू करनी चाहिए। इससे आपसी संबंध मजबूत होंगे और आने वाली पीढ़ियों में पारिवारिक जुड़ाव की भावना विकसित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि हर हिंदू परिवार में धार्मिक ग्रंथ और साहित्य होना चाहिए ताकि बच्चे अपने धर्म, संस्कृति, त्यौहारों और महापुरुषों के बारे में जान सकें। उन्होंने नवदंपत्तियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपने व्यवहार, वाणी और जीवनशैली से परिवार में संस्कारों का वातावरण बनाना चाहिए।

# इनामी बदमाश को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

**शुजालपुर**। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं अनुविभागीय अधिकारी निमेश देशमुख द्वारा गंभीर अपराध के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार हेतु पुलिस को निर्देशित किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में दिनांक 25 अक्टूबर 2023 को फरियादी नरेंद्र पिता कमल कोहली निवासी शुजालपुर मंडी की रिपोर्ट पर थाना शुजालपुर मंडी में अपराध क्रमांक 470/ 2023 धारा 341 ,323, 294, 506, 34 भादवी एससी एसटी एक्ट का एवं फरियादी राज गोयर पिता संतोष गोयर निवासी शुजालपुर मंडी की रिपोर्ट पर थाना शुजालपुर पर अपराध क्रमांक 471/ 2023 धारा 323, 294, 506, 34 एससी एक्ट का आरोपी किशोर उर्फ गोलू मीणा पिता महेश मीणा निवासी मिर्ची बाजार शुजालपुर मंडी के विरुद्ध पंजीबद्ध अपराध को विवेचना में लिया गया। प्राण घातक हमला करने पर धारा 307 भादवि का इजाफा किया गया। आरोपी घटना दिनांक से फरार एवं जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 के इनाम के घोषणा की गई। 11 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना एवं साइबर सेल शाजापुर की मदद से निरीक्षक शिवकुमार यादव थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी के द्वारा टीम गठित कर आरोपी किशोर उर्फ गोलू मीणा शुरू की गई एवं आरोपी को माकडोन से घेराबंदी कर पकड़कर जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक शिवकुमार यादव थाना प्रभारी थाना शुजालपुर मंडी, उप निरीक्षक विजय खत्री, विकास तिवारी साइबर सेल, आशीष वर्मा, रविकांत यादव, पवन परमार, अनिल सक्सेना, घनश्याम राजपूत, अंजू तोमर, संदीप यादव, महेश कुमार की सराहनीय भूमिका रही।



# पोषण माह अभियान के तहत माताओं को दिया संतुलित आहार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

पोषण माह अभियान के अंतर्गत 'भोजन घर पर ही बनाएंगे और घर का ही खाएंगे' कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को कर्मचारी कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक राधा सोलंकी, सहायक संचालक नीलम चौहान, नगर परिषद पानखेड़ी वार्ड क्रमांक 5 पार्षद अनीता भगवत राजपूत, पर्यवेक्षक ममता मानवत, सरिता बागडे, ज्योति बामनिया, एवं विकासखंड समन्वयक (पोषण) सुरेन्द्र सिंह मेवाड़ा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप संचालक राधा सोलंकी एवं पार्षद अनीता भगवत राजपूत ने उपस्थित मातृशक्तियों से आवाहन किया कि वे स्वयं भी संतुलित एवं पोषक तत्वों से युक्त भोजन ग्रहण करें और अपने बच्चों को भी पौष्टिक आहार देने की आदत डालें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मां ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है। इस अवसर पर अनीता भगवत राजपूत ने मातृशक्तियों एवं बच्चों को जंक फूड से दूरी बनाकर प्राकृतिक एवं घरेलू आहार अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में सामाजिक संस्था अटल अभ्युदय संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष भगवत सिंह राजपूत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आरती माहेश्वरी, रितेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।




# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**जीरापुर**। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में पूरे भारतवर्ष में कक्षा पांच से 12वीं तक एवं कॉलेज स्तर पर इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी छात्र-छात्राएं सम्मिलित होकर अपने समसामयिक ज्ञान में वृद्धि करते हैं। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की प्रमुख विशेषता यह है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, महापुरुष, भौगोलिक जीवन की कला एवं वैज्ञानिक दृष्टि से पांचवी से 12वीं एवं कॉलेज स्तर तक के बच्चों को विभिन्न प्रश्नोत्तरी का ज्ञान इस परीक्षा से प्राप्त होता है। गायत्री शक्तिपीठ मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी ने बताया कि नगर के शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सभी विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होकर सभी प्रकार के ज्ञान के प्रश्न उत्तर का अनुभव प्राप्त करेंगे। इसलिए अधिकाधिक संख्या में इस परीक्षा में सम्मिलित होवे। ताकि आपको इस परीक्षा से जो अनुभव मिलेगा वह आपके भविष्य में अन्य परीक्षाओं में बेहतर अनुभव के साथ काम आएगा।

# स्वदेशी अपनाना ही सच्ची देशभक्ति : डॉ. ध्रुव भल्ला



**सारंगपुर**। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय स्वदेशी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. ध्रुव भल्ला ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में जितना अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग किया जा सकता है, हमें करना चाहिए। अपने आसपास निर्मित स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना ही देश के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम है। संगोष्ठी की अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद सारंग के अध्यक्ष सुशील व्यास ने की। उन्होंने कहा कि संगठन शिल्पी पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की चिंता की थी। उनका 'एकात्म मानववाद' आज भी समाज के सर्वांगीण विकास का मार्गदर्शन करता है।

कार्यक्रम की भूमिका जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने प्रस्तुत की। शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोइया, डॉ. ध्रुव भल्ला, सुशील व्यास सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पवन बेस एवं सुश्री रेखा नागर ने किया तथा आभार प्रदर्शन दर्शन फूलसिंह नागर द्वारा किया गया।

मंत्री नारायण सिंह पंवार व सांसद रोडमल नागर ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

रविवार को सुठालिया बड़े बाग वाले हनुमान मंदिर परिसर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत ब्यावरा विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पंवार एवं क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सम्मेलन का शुभारंभ मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ,इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की उपस्थिति रही। मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई हैं। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाएं कृ हर घर नल से जल (जल जीवन मिशन), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं ने ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो कहा गया, वह करके दिखाया गया। चाहे वह अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो या जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 का ऐतिहासिक रूप से हटाया जाना कृ भाजपा सरकार ने अपने हर वादे को धरातल पर उतारकर दिखाया है। आज भारत न केवल सांस्कृतिक रूप से पुनर्जीवित हुआ है, बल्कि आर्थिक, सामरिक और सामाजिक रूप से भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है।"उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में पूर्ण विज्ञान निहित है, जिसे आज विदेशी देश सीखकर आगे बढ़ रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री जी की नीतियों और भारत की तेज प्रगति की पूरे विश्व में सराहना हो रही है और उनके नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

### इस अवसर पर सांसद ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा

आत्मनिर्भर भारत का वास्तविक स्वरूप तभी साकार होगा जब हम 'स्वदेशी अपनाएं'। प्रधानमंत्री मोदी जी का 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना से जुड़ा है। जब हम अपने उत्पाद, अपनी मिट्टी और अपने श्रम का सम्मान करेंगे, तभी सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर भारत बनेगा। सांसद नागर ने कहा कि आज भारत की सेना लगातार सशक्त हो रही है, हमारे सैनिक आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन के माध्यम से आधुनिक हथियारों से लैस हैं। अब भारत रक्षा के क्षेत्र में आयातक नहीं, बल्कि निर्यातक देश बनकर उभर रहा है, जो आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सफल बनाने का प्रण लिया। इस कार्यक्रम में राजगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव, जिला महामंत्री अमित शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जगदीश पंवार, जसवंत गुर्जर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, रामनारायण दांगी, अशोक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, बलवान सिंह, दिनेश मीना, जयेंद्र गुर्जर, राजू यादव, कल्याण सिंह गुर्जर, इंदर सिंह लववंशी,पवन कुशवाह, गिरराज लोधी सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## पंचायत सेवन्याखुर्द में नमो देवास बाल वाटिका का हुआ निर्माण



**चापडा।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में नवाचार किए जा रहे हैं जिसके तहत जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बागली अंतर्गत ग्राम पंचायत सेवन्याखुर्द में सराहनीय कार्य कर ग्राम पंचायत की सरपंच सीमा रामप्रसाद जाटव के नेतृत्व में नमो देवास बाल वाटिका का निर्माण कार्य कराया गया है। इस बाल वाटिका के निर्माण से ग्राम पंचायत में बच्चों के बीच अत्यधिक उत्साह और आनंद का वातावरण है। यहाँ बच्चों के लिए खेल, शिक्षा और प्रकृति के निकट सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।यह पहल न केवल बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि पंचायत में स्वच्छ, सुंदर और शिक्षाप्रद वातावरण स्थापित करने की मिसाल भी है।

## पल्स पोलियो अभियान की हुई शुरुआत

**बागली।** शासन के आदेश अनुसार एवं ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर हेमंत पटेल के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में पल्स पोलियो कार्यक्रम के अंतर्गत से 5 वर्ष के बच्चों को स्वतंत्रता सेनानी परिवार गुरु सिंगल जोशी द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विकासखंड बागली में इस अभियान के अंतर्गत बागली में 395 बूथ पर 34208बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी एवं पोलियो की खुराक खिलाने के लिए 790 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 44 सुपरवाइजर एवं 7 ट्रांजैक्ट टीम का गठन किया गया है। इस अभियान में जीरो से 5 वर्ष के समस्त बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। 12 अक्टूबर रविवार को बूथ पर दवाई पिलाई गई।

### जय श्री ज्वेलर्स बना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी का ब्रांड "किसना" का फ्रेंचाइजी पार्टनर

# जय श्री ज्वेलर्स पर किसना डायमंड एंड ज्वेलरी के आउटलेट का हुआ शुभारंभ, लकी उपभोक्ताओं की ड्रा से खुलेगी किस्मत





किसना" डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी की फ्रेंचाइजी शहर के प्रतिष्ठित जय श्री ज्वेलर्स को मिली है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

डायमंड और सोने के आभूषणों की विश्वनीयता का प्रतीक हरि कृष्णा ग्रुप का डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी ब्रांड किसना की फ्रेंचाइजी का आउटलेट अब आष्टा में भी खुल गया है और इस ब्रांडेड ॥किसना॥ डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी की फ्रेंचाइजी शहर के प्रतिष्ठित जय श्री ज्वेलर्स को मिली है लिहाजा सोमवार को जय श्री ज्वेलर्स पर इस आउटलेट का शुभारंभ किया गया है इस मौके पर किसना डायमंड एंड ज्वैलरी के कवलदीप सिंह और जय श्री ज्वेलर्स के अवधनारायण सोनी, कैलाश सोनी, महेश सोनी मौजूद रहे। सर्वप्रथम सोनी परिवार ने सरस्वती जी की पूजा कर किसना डायमंड एंड ज्वैलरी के कवलदीप सिंह का स्वागत किया ।इस दौरान किसना डायमंड एंड ज्वेलरी के कवलदीप सिंह ने बताया कि हमारे हरि कृष्णा ग्रुप के ब्रांड किसना का भारत के 28 राज्यों में 1500 से अधिक शॉप-इन-शॉप आउटलेट्स और देश भर में 80 एक्सक्लूसिव शोरूम्स है। किसना खदानों से बाजार तक हीरों की नैतिक सोर्सिंग का इस्तेमाल करता है और अपने खास डिज़ाइनों की बेहतरीन रेंज पेश करता है। किसना के शानदार कलेक्शन में 14 कैरेट और 18 कैरेट की सोने की अँगूठियाँ, झुमके, पेंडेंट्स, मंगलसूत्र, हार, चूड़ियाँ, कंगन और नोज़ पिंस और पुरुषों के लिए ज्वेलरी शामिल हैं। किसना की सभी ज्वेलरीज़ 100% प्रमाणित है और हॉलमार्क के साथ आती हैं। ब्रांड डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज सहित 90% बायबैक और 95% एक्सचेंज की पेशकश भी करता है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी सुंदरता के साथ ही सुविधा भी मिलती है।




ग्राहकों के विश्वसनीय ऑनलाइन ब्रांड के रूप में, हम डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी की नवीनतम डिज़ाइन्स की विशेषता वाला एक सहज खरीदारी अनुभव प्रदान करते हैं।

### जय श्री ज्वेलर्स पर दीपावली पर खरीदी पर एक्टिवा और कार जितने का मौका

शहर के प्रतिष्ठित जय श्री ज्वेलर्स किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी का फ्रेंचाइजी पार्टनर बनने के बाद इस दीपावली को खास अंदाज में मनाने के लिए डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी का खास कलेक्शन लेकर आया है।इस अवसर पर डायमंड ज्वेलरी पर आकर्षण छूट भी दी जा रही है वही किसना डायमंड ज्वेलरी की 25000 की खरीदी पर एक लकी ड्रॉ कूपन दिया जाएगा और ड्रा में जीतने वाले को एक्टिवा और मेगा लकी को एक कार जीतने का मोका भी जय श्री ज्वेलर्स दे रहा है।

### विश्वास और प्रेम का प्रतीक

किसना के शुभारंभ के मौके पर जय श्री ज्वेलर्स के संचालक कैलाश सोनी ने कहा की किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी की शुरुआत हमारे ग्राहकों के वर्षो के विश्वास और प्रेम का प्रतीक है। यह हमारे विजन हम गोल्ड नहीं विश्वास के अनुरूप है, जहां हमारा लक्ष्य है कि हम भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाला ज्वेलरी के ब्रांड किसना के पार्टनर बनें है और हर महिला का डायमंड ज्वेलरी पहनने का सपना साकार करेंगे। वही जय श्री ज्वेलर्स के महेश सोनी ने कहा की यह साझेदारी हमारे लिए ही नहीं, बल्कि आष्टा सहित के सभी ज्वेलरी प्रेमियों के लिए एक रोमांचक कदम है। किसना की बेहतरीन गुणवत्ता और शिल्पकला के साथ हमें पूरा विश्वास है कि हम शहर के ज्वेलरी सेक्टर में और भी भरोसेमंद बनकर उभरेंगे। इस दौरान सोनी परिवार ने सभी अतिथियो का स्वागत सत्कार कर धन्यवाद किया।

## पोलियो की दवा पिलाकर किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**देवास।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि रविवार को जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों ने बच्चो को पोलियो कि दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। जनप्रतिनिधियों ने पोलियो बुथ पर पंहुचकर नन्हे बच्चो को दो बूंद पोलियो कि दवा पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। शहरी क्षेत्र देवास जिला चिकित्सालय देवास में महापौर गीता अग्रवाल, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चो को पोलियो की दवा पिलाई। जिले के सभी नागरिक तीन दिवसीय अभियान में शतप्रतिशत बच्चो को पोलियो कि दो बून्द दवा अवश्य पिलाये।

## सिर कटी लाश की गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुटी, संभवतः हार्वेस्टर लूटने के लिए हत्या हुई

**आष्टा।** इस माह की 6 तारीख को खड़ी में पेट्रोल पंप के पीछे एक व्यक्ति का सीर कटा हुआ शव मिला था। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का दिख रहा था। पुलिस ने धड़ से कुछ ही दूरी पर से मृतक की गर्दन भी बरामद कर नरकंकाल का पोस्टमार्टम कराने के लिए शव भोपाल भेजा था। वहीं आसपास के सीसीटीवी केमरों को खंगाला गया। जिसमें यह नजर आया कि एक हार्वेस्टर आकर रुका था। जिसपर एक सरदार सहित तीन लोक थे। घटना के बाद आरोपीगण हार्वेस्टर लेकर भाग गए थे।16 सितंबर को हत्या हार्वेस्टर चालक पंजाब का व्यक्ति का सर धड से अलग कर दिया था। पुलिस गुत्थी सुलझाने का प्रयास कर रही है। पुलिस को 6 अक्टूबर को अज्ञात शव की सूचना मिली थी।

## गुलाब बाई ठाकुर प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव हुई नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



महिला शक्ति के रूप में उभर के आई संघर्षशील जिन्होने हमेंशा कार्य के लिए कार्य किया। राजनितिक शुरूआत में गुलाबबाई ठाकुर 2001 में जनपद अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद को सुशोभित किया। उसके बाद से लगातार कांग्रेस में सक्रिय राजनीती में 2015 से निरंतर महिला जिला अध्यक्ष पद पर हैं। कांग्रेस के विपक्ष में रहने के बाद भी सरकार के खिलाफ लगातार गुलाबबाई ठाकुर ने जनहित में कई अभियान चलाये एवं हमेशा महिलाओं की रक्षा एवं सुरक्षा के लड़ती आ रही है।

ऐसी संघर्षशील महिला को राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल द्वारा उनके कार्यो को देखते हुए महिला कांग्रेस का प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव नियुक्त किया है। श्रीमती ठाकुर की नियुक्ति कांग्रेस के तेजतर्राट प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा की अनुशंसा पर नियुक्त की गई। जिले की दमदार निष्ठावान गुलाबबाई ठाकुर के महिला कांग्रेस की महासचिव बनने पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व जिलाध्यक्ष बलवीर तोमर, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, हरपाल ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष जितेन्द्र शोभाखेड़ी, घनश्याम जांगड़ा, गणेश तिवारी, राखी परमार, कंचन शर्मा, मेघा परमार, कमल चौहान, मनोहरसिंह पंडितिया, अरविन्द्र ठाकुर, सुनील कटारा, पार्षद जाहिद गुड्डु, ग्रामीण अध्यक्ष महेश मुदीखेड़ी, पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुश्वाह, पार्षद भैया मिया, ममता कीर, हेमलता चौहान, सीताराम चौरसिया, गीता कुश्वाह, मीरा रेकवाल, अनीता पटेल, रीना मालवीय, तबस्सुम बी, शहाना बी, ममता शर्मा, इसराईल मंसूरी सहित कई लोगों ने एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लक्ष्य तय कर विद्यार्थी आगे बढ़ेः विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

पहले एक गांव से दूसरे ग्राम जाने के बालिकाओं के लिये कोई साधन नही होने के कारण वे अपने ग्राम के स्कूल में ही पढ़ाई कर पाती थी,उच्च पढ़ाई के लिये दूसरे ग्राम जाने के लिये साधन के अभाव में वे पढ़ाई में आगे नही जा पाती थी । भाजपा की सरकार जब आई तब बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये, बालक भी ओर आगे पढे,सब आगे बढे के लिये सरकार ने निशुल्क सायकल वितरण योजना शुरू की ।लक्ष्य तय कर विद्यार्थी आगे बढे,लक्ष्य पाने तक बिना रुके,बिना थके आगे बढ़ते रहे। उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा अनुविभाग के कोठरी एवं निपानिया कलॉ के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंड्री के कक्षा 6 एवं 9 के सभी पात्र विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री निशुल्क सायकल वितरण योजना के अंतर्गत सायकलों का वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों से कहे।

इस योजना लाभ उन पात्र को मिलता है जोसरकारी स्कूलों में 6वीं और 9वीं कक्षा में प्रवेश लेते है । एवं जिन छात्रों के गांव में हाई स्कूल नहीं है और उन्हें दूसरे गांव में पढ़ने जाना पड़ता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने की दिशा में निशुल्क सायकल वितरण एक बड़ा सशक्त कदम है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ सभी पालकों से विधायक ने आव्हान किया कि वे स्कूल परिसर में, घर आंगन में, खेत पर एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाये, त्योहार आ रहे है आप जब भी दीपावली की खरीदी करने जाये तो दीपावली पर स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदे ताकि आपके द्वारा खरीदे समान से हमारे दूसरे भाई की भी दीपावली अच्छी मने। विधायक के हाथों कोठरी में 50, निपानिया में 20 विद्यार्थियों को निशुल्क सायकल वितरित की गई। इस अवसर पर सोनू गुणवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल, राधेश्याम कासन्या, युवराजसिंह, रूपेश पटेल, सतीश सोनानिया, कैलाश पटेल, सुनील केलिया, जितेंद्र आजाद बीआरसी अजबसिंह राजपूत, बीईओ, प्राचार्य तिर्की मेडम, मुकेश चित्तोड़ा सहित शिक्षक, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी उपस्तिथ रहे।

## एस्ट्रो वर्ल्ड मुंबई द्वारा सम्मानित हुए हस्त्रेखाविद आचार्य अमित तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ज्योतिष जगत की प्रतिष्ठित संस्था एस्ट्रो वर्ल्ड मुंबई द्वारा आयोजित ज्योतिष महा सम्मेलन 2025 में देशभर के नामी विद्वान ज्योतिषाचार्यों का संगम देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में आष्टा के प्रसिद्ध हस्त्रेखाविद ज्योतिष विशेषज्ञ आचार्य अमित तिवारी को उनकी विशिष्ट सेवाओं और योगदान के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन कई प्रख्यात हस्तियों की उपस्थिति में हुआ, जिनमें फिल्म जगत की चर्चित अभिनेत्री मंदिराक्षी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की साथ ही संस्था की प्रमुख सिराज जोंधाले भी उपस्थित रही। उन्होंने मंच पर आचार्य अमित तिवारी को सम्मानित करते हुए कहा कि, ज्योतिष केवल भविष्य बताने की विद्या नहीं, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने का विज्ञान है, और आचार्य अमित तिवारी जैसे विद्वान इस विद्या की गरिमा को निरंतर ऊंचाई प्रदान कर रहे हैं। आचार्य अमित तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हस्तरेखा विज्ञान केवल भविष्य की झलक नहीं दिखाता, बल्कि यह व्यक्ति के कर्म, स्वभाव और जीवन की दिशा का दर्पण है। जब व्यक्ति अपने कर्मों को सही दिशा में ले जाता है, तभी भाग्य उसके अनुरूप बनता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके लिए ज्योतिष एक अध्यात्मिक साधना है, जो व्यक्ति को आत्मज्ञान की ओर प्रेरित करती है।इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए ज्योतिषाचार्यों, हस्तरेखा विशेषज्ञों, वास्तुशास्त्रियों और अंकशास्त्रियों ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने आचार्य अमित तिवारी को ज्योतिष गौरव सम्मान प्रदान किया। उपस्थित विद्वानों और गणमान्य व्यक्तियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।इस अवसर पर आचार्य अमित तिवारी ने हस्त्रेखाविद की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह सम्मान न केवल मेरा है बल्कि उन सभी साधकों का है जो ज्योतिष को विज्ञान और अध्यात्म दोनों दृष्टियों से अपनाकर समाज के कल्याण में योगदान दे रहे हैं। इस प्रकार यह आयोजन न केवल ज्योतिष जगत के लिए एक प्रेरक मंच सिद्ध हुआ, बल्कि इसने यह भी सिद्ध किया कि भारतीय परंपरा की यह प्राचीन विद्या आज भी जीवन के हर क्षेत्र में प्रकाश फैलाने का कार्य कर रही है।

### नगर पालिका के कम्युनिटी हॉल में हुआ दिव्यांग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# पेंशन बढ़वाने सीएम को लिखूंगा पत्रः गोपाल सिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर पालिका कम्युनिटी हॉल में दिव्यांग जागरूकता आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नगर और ग्रामीण क्षेत्र से दिव्यांग पहुंचे। आयोजन में शामिल विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि दिव्यांगों की पेंशन 1500 बढ़वाने सीएम डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखूंगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिव्यांगों के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है। जल्द ही नगर में दिव्यांग शिविर लगाया जाएगा जिसमें उन्हें उपकरण वितरित करेंगे। वहीं ऐसे दिव्यांग है जिनके हाथ और पैर नहीं है। हम जयपुर की एजेंसी को बुलवाकर उनके कृत्रिम पैर और हाथ लगवाने के भी प्रयास करेंगे। दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी राधा बडग़ुर्जर को एक माह में स्कूटी दिलाने का प्रयास चल रहा है।

दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनवाएंगे। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से कहा कि आपकी केंद्र और प्रदेश में सरकार है। दिव्यांगों को रोजगार मिले, पेंशन बढ़ाई जाए इसके पूरे प्रयास करें ताकि वो आत्मनिर्भर बन सके। दिव्यांगों की मांग विधानसभा में रखे ताकि उनकी समस्या हल हो सके। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा ने कहा कि दिव्यांगों के पहले कई नाम से पुकारते थे, लेकिन प्रधानमंत्री ने दिव्यांगों का एक सम्मानजनक नाम दिया। हमारी केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार उनके लिए काम कर रही है। आज दिव्यांगों में एकजुटता दिख रही है ये बहुत बड़ी बात है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर ने कहा कि दिव्यांगों की पेंशन 5000 होना चाहिए। दिव्यांगों के नाम पर जो बजट आता है वो कहां जा रहा है, दिव्यांग से जुड़ें विभाग के अधिकारी एनजीओ के कार्यक्रम में तो तुरंत पहुंच जाते है, लेकिन जो असली दिव्यांग है वहां क्यों नहीं आते। वो इसलिए नहीं आते ताकि उनकी पोल खुल सके कि दिव्यांगों के नाम पर जो बजट आया है, वो दिव्यांगों पर खर्च क्यों नहीं हो रहा है। आज भी क्षेत्र के अनेकों दिव्यांग ट्राइसकिल, स्कूटी, बैसाखी से वंचित है। मैं मुख्यमंत्री से मांग करती हूं कि सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग के जिला अधिकारी जांच कराएं कि दिव्यांगों के नाम पर आने वाला बजट एनजीओ के बजाय दिव्यांगों पर खर्च होना चाहिए ताकि उन्हें उनका हक मिल सके। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष, श्रवण वास्तवार, प्रबंधक उमा चौरसिया, जिलाध्यक्ष सुखवेंद्र दांगी, व्यापारी संघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर, गुलाब मेवाड़ा, पुर्व पार्षद नरेन्द्र कुश्वाह, अजय अर्जुन, सुशील संचेती ने जनप्रतिनिधि एवं पुलिस प्रशासन का आभार जताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लखन विश्वकर्मा, राधा बडग़ुर्जर, नरेश मेवाड़ा का बहुत योगदान रहा।

## राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में बेटियों ने दिखाया अपना दम




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आवासीय खेल परिसर सीहोर में आयोजित राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता 2025-26 में स्थानीय खिलाडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बी स्ट्रांग सेल्फ प्रोटेक्ट एकेडमी सीहोर के चार खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया। कोच दिव्या शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में अपेक्षा और विशाखा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से गोल्ड मेडल जीता, वहीं महक और अंकिता ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। कोच ने बताया कि सभी खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं और आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने की तैयारी कर रहे हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से शहर में खुशी का माहौल है। अभिभावकों ने बेटियों की सफलता पर गर्व जताया है।